सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 153 | इंदौर, बुधवार 17 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज करेंगे 11वें अंतरराष्ट्रीय हर्बल वन मेले का शुभारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को शाम पांच बजे लाल परेड ग्राउंड, भोपाल में 11वें अंतरराष्ट्रीय हर्बल वन मेले का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री मेले में लघु वनोपज हमारी शान गान का विमोचन करेंगे, एमएफपी-पार्क के लोगो का अनावरण करेंगे और एमएफपी पार्क द्वारा निर्मित वेलनेस किट का विमोचन भी करेंगे। वन विभाग एवं मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित के संयुक्त तत्वावधान में 'समृद्ध वन खुशहाल जन' थीम पर यह मेला 17 से 23 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। मेले के उद्घाटन कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, प्रधान मुख्य वन संरक्षक वीएन अंबाडे और प्रबंध संचालक डॉ. समीता राजौरा उपस्थित रहेंगे।

मेला सात दिनों तक विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों से सजा रहेगा। इसमें पारंपरिक नृत्य, सोलो एवं समूह गायन, योगा-शो, कथक नृत्य, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस एवं सोलो एक्टिंग, ध्रुपद गायन, कबीर वाणी, लोक नृत्य, फ्लैश मॉब, इंस्ट्रूमेंटल प्रस्तुति, पारंपरिक वैद्य कार्यशाला और ऑर्केस्ट्रा जैसी प्रस्तुतियां शामिल हैं। 23 दिसंबर को मेला समापन समारोह, पुरस्कार वितरण और पारंपरिक नृत्य के साथ संपन्न होगा।



## हिजाब विवाद पर नीतीश कुमार को पाकिस्तानी आतंकी की धमकी, कहा- महिला से माफी मांगें, वरना...

### संबल हितग्राहियों के खातों में 160 करोड़ अंतरित

# सीएम बोले- श्रमिक मध्यप्रदेश को गढ़ने वाले सच्चे सेवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि श्रमिक मध्य प्रदेश को गढ़ने वाले सच्चे सेवक हैं और उनकी मेहनत पर ही प्रदेश के विकास की नींव टिकी है। राज्य सरकार हर परिस्थिति में श्रमिकों के साथ खड़ी है और जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री मंगलवार को मंत्रालय में मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना के अंतर्गत सहायता राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 55 जिलों के 7,227 संबल हितग्राहियों के बैंक खातों में 160 करोड़ रुपये की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की। उन्होंने बताया कि संबल योजना की शुरुआत वर्ष 2018 से अब तक 7.76 लाख प्रकरणों में 7,383 करोड़ रुपये की सहायता जरूरतमंद श्रमिक परिवारों को दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा




कि संबल योजना श्रमिकों के कठिन समय की सच्ची साथी है और यह सरकार तथा श्रमिकों के बीच भरोसे का मजबूत रिश्ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते समय के साथ श्रम का स्वरूप भी बदला है। सरकार ने गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को असंगठित श्रमिक का दर्जा देते हुए उन्हें भी संबल योजना में शामिल किया है। एक मार्च 2024 से अब तक 1400 से अधिक गिग वर्कर्स का पंजीयन किया जा चुका है। संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत योजना से भी जोड़ा गया है, जिससे उन्हें 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज मिल रहा है। इसके साथ ही 25 लाख से अधिक ई-श्रमिक परिवारों को राशन पात्रता प्रदान कर निःशुल्क राशन का लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि महिला श्रमिकों के लिए सरकार विशेष रूप से संवेदनशील है। गर्भवती महिलाओं को काम से राहत और पोषण के उद्देश्य से 16 हजार रुपये की प्रसूति सहायता दी जा रही है। पत्थर तोड़ने वाले, ईंट-भट्टा मजदूर, घरेलू कामगार, तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले श्रमिक सहित सभी असंगठित श्रमिक इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं।

### सातवीं बार सहायता राशि वितरित

कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में संबल योजना के अंतर्गत सातवीं बार सहायता राशि वितरित की गई है। उन्होंने बताया कि संबल 2.0 के तहत 43 लाख श्रमिकों का पंजीयन हो चुका है और अब अधिकांश प्रकरणों में 60 दिनों के भीतर भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है

# इंदौर में एक ही सड़क पर बीआरटीएस, ब्रिज, एलिवेटेड ब्रिज का प्रयोग, 300 करोड़ का बीआरटीएस भी तोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**शहर की कई प्रमुख सड़कें अभी तक ठीक तरह से चौड़ी नहीं हो पाई हैं, लेकिन इंदौर के जीवन रेखा मार्ग रहे एबी रोड के 11 किलोमीटर हिस्से में बीते पंद्रह साल में कई प्रयोग हुए हैं। इन प्रयोगों की प्लानिंग, सर्वे और निर्माण में करोड़ों रुपये खर्च किए गए।**

दस साल पहले 300 करोड़ रुपये की लागत से बीआरटीएस (बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) बनाया गया था, जिसे अब तोड़ा जा रहा है। इसी सड़क पर एलिवेटेड कॉरिडोर भी स्वीकृत है। इसके निर्माण का भूमिपूजन दो साल पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया था, लेकिन फिर पिछले साल इंदौर के विकास की समीक्षा बैठक में कम ट्रैफिक का हवाला देकर उसे निरस्त कर दिया गया। अब फिर मुख्यमंत्री ने एलिवेटेड कॉरिडोर के प्रोजेक्ट पर ज़ोर दिया है, जिससे भ्रम की स्थिति बन गई है।



### एबी रोड पर प्रयोगों का इतिहास

इंदौर के पुराने एबी रोड से भारी वाहनों का दबाव कम करने के लिए 30 साल पहले रिंग रोड और 20 साल पहले पूर्वी बायपास बनाया गया था। इसके बाद, शहर के मध्य हिस्से से गुजर रहे एबी रोड पर केंद्र सरकार ने बीआरटीएस प्रोजेक्ट को मंजूरी दी। पंद्रह साल पहले इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू हुआ और तीन सौ करोड़ रुपये खर्च हुए।

बीआरटीएस का निर्माण शुरू हो चुका था और वर्ष 2009 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री कमलनाथ ने इस प्रोजेक्ट पर एलिवेटेड कॉरिडोर की मंजूरी दी थी और 300 करोड़ रुपये स्वीकृत किए थे। इसके निर्माण के लिए मिट्टी परीक्षण भी शुरू किया गया था, लेकिन तब सरकार ने इस प्रोजेक्ट को ज़मीन पर उतारने में रुचि नहीं दिखाई और यह प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में पड़ा रहा। इस बीच, इंदौर विकास प्राधिकरण ने व्हाइट चर्च रोड पर अंडरपास बनाने के लिए सर्वे किया। इस प्लानिंग पर लाखों रुपये खर्च हुए, लेकिन यह प्रोजेक्ट भी आकार नहीं ले पाया।

### एलिवेटेड कॉरिडोर पर पल-पल बदलते फैसले

मुख्यमंत्री बनने के बाद मोहन यादव जब इंदौर आए, तो उनके स्वागत में बड़ा गणपति से राजवाड़ा तक रैली निकाली गई। इसी दौरान, राजवाड़ा पर बीआरटीएस पर एलिवेटेड ब्रिज के निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इसके बाद इस प्रोजेक्ट का ठेका गुजरात की कंपनी को दिया गया, लेकिन काम शुरू नहीं हो पाया।

विकास कार्यों की पिछली बैठक में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एलिवेटेड कॉरिडोर नहीं बनाने की घोषणा की थी और कहा था कि एलआईजी से नवलखा तक जाने वाले ट्रैफिक का लोड कम है। इसके बाद नगर निगम ने बीआरटीएस पर सात ब्रिज बनाने का फैसला लिया, जिसके लिए सर्वे भी हो चुका है।

मगर, हाल ही में हुई बैठक में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने एलिवेटेड ब्रिज के लिए फिर से सर्वे कराने की बात कही है। विडंबना यह है कि नगर निगम ने बस लेन तोड़ने के बाद डिवाइडर बनाने के टेंडर भी जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री के इस नए ज़ोर के कारण अब फिर से बदलाव करना पड़ सकता है, जिससे करोड़ों रुपये की योजनाएं अनिश्चितता में पड़ गई हैं।

# ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग राष्ट्रीय दायित्व : एम.डी. श्री तिवारी

## एम.पी. ट्रांसको इंदौर में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। बढ़ती ऊर्जा मांग और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय दायित्व है। ऊर्जा की प्रत्येक बचाई गई इकाई भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित संसाधन है। यह विचार मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) के प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी ने ऊर्जा संरक्षण सप्ताह-2025 के अवसर पर अपने संदेश में व्यक्त किए।

ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत इंदौर में एम.पी. ट्रांसको के साउथ जोन स्थित प्रशासनिक परिसर में अति. मुख्य अभियंता श्रीमति नीलम खन्ना द्वारा प्रबंध संचालक के संदेश का वाचन किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं कार्मिकों ने ऊर्जा संरक्षण को अपनी कार्यशैली एवं दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।




**पारेषण हानि कम करके की करोडों यूनिट बिजली की बचत-** अपने संदेश में प्रबंध संचालक ने बताया कि वर्ष 2024-25 में एम.पी. ट्रांसको ने विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित 2.75 प्रतिशत के लक्ष्य के विरुद्ध 2.60 प्रतिशत पारेषण हानि प्राप्त करते हुए 151.56 मिलियन यूनिट ऊर्जा की बचत की है। यह उपलब्धि कंपनी की ऊर्जा दक्षता एवं सतत सुधार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एम.डी. सुनील तिवारी ने अपने संदेश मे कहा कि ऊर्जा संरक्षण सप्ताह को केवल औपचारिक आयोजन के रूप में न लेते हुए इसे निरंतर अपनाया जाने वाला सामूहिक संकल्प बनाया जाना चाहिए, जिससे स्वच्छ, हरित एवं ऊर्जा-दक्ष मध्यप्रदेश के लक्ष्य को साकार किया जा सके।

### ऊर्जा संरक्षण के अपनाये सरल उपाय

उन्होंने यह भी बताया कि एमपी ट्रांसको द्वारा सबस्टेशनों पर रूफटॉप सोलर पैनलों की स्थापना, एलईडी प्रकाश व्यवस्था तथा उच्च दक्षता वाले उपकरणों के उपयोग को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से भी अपने घरों और कार्यस्थलों पर ऊर्जा संरक्षण के सरल उपाय अपनाने का आह्वान किया गया।

## चाटनी मांझा (धागा) के क्रय-विक्रय, भंडारण तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी

- प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वाले 5 आरोपियों के विरुद्ध कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा परिवाद पत्र जारी

**इंदौर। इंदौर शहर में मानव जीवन सुरक्षा के लिये चाइनीज मांझा (धागा) के क्रय-विक्रय, भंडारण, उपयोग पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये है। इसी तरह ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग के संबंध में भी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी है। उक्त प्रतिबंधात्मक आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में 5 आरोपियों के विरुद्ध परिवाद दायर करने संबंधी कार्रवाई की गई है।**

इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा द्वारा आदेश जारी किये गये है। तदनुसार जिन आरोपियों के विरूद्ध अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की गई है उनमें रेडियो चौक बियाबानी निवासी देव पिता रमेश ओटकर, मेवाती मोहल्ला निवासी समीर पिता शफीक मेव, समीर उर्फ सोनू पिता अकिल मेव निवासी मेवाती मोहल्ला और रूस्तम का बगीचा निवास गणेश जायसवाल पिता घनश्याम जायसवाल शामिल है। इसी तरह ध्वनि विस्तारक यंत्रों का तेज आवाज में उपयोग करने पर गोविंद नगर खारचा बाणगंग निवासी यश वर्मा पिता संजू वर्ता के विरूद्ध भी परिवाद दायर किया गया है। इन आरोपियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत दण्डित किये जाने के लिये कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा द्वारा परिवाद पत्र जारी किया गया है।

- अवैध गैस रिफिल और व्यावसायिक सिलेंडर के अवैध भंडारण पर खाद्य विभाग की छापामार बड़ी कार्रवाई

## दो जगहों से बड़ी मात्रा में गैस सिलेंडर जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर जिले में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर खाद्य विभाग के अमले द्वारा अवैध गैस रीफिलिंग और गैस के व्यवसायिक सिलेंडरों के अवैध भण्डारण के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। आज खाद्य विभाग के दो दलों ने दो अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई कर बड़ी मात्रा में गैस सिलेंडर जप्त किये है।**



जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री एम.एल. मारू ने बताया कि आज मानपुर में गौरव वर्मा से जूनी स्कूल ग्राउंड से 3 व्यावसायिक खाली सिलिंडर 19 किलोग्राम, 2 घरेलू खाली सिलेंडर तथा 7 घरेलू भरे गैस सिलेंडर 14.2 किलो ग्राम, 1 गैस रीफिलिंग मशीन तथा एक तोल काटा जप्त किया गया। सभी सिलेंडर भारतीय पेट्रोलियम कंपनी के है। आरोपी द्वारा अनाधिकृत और अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का क्रय विक्रय, भंडारण और वाहनो में गैस भरने का अवैध कार्य किया जाना पाया गया। इसी तरह पंजोइन फैक्ट्री के सामने हिनकारगिरी धार रोड इंदौर स्थित नेहा कैटरर्स के गोदाम पर भी कार्रवाई की गई यहां से 19 किलो क्षमता के 11 आंशिक भरे हुए, 46 सिलेंडर 5 किलो क्षमता के खाली तथा 5 किलो क्षमता के आंशिक भरे हुए 12 सिलेंडर जप्त किये गये। आरोपी का नाम किशन लाल कुमावत उर्फ पप्पू महाराज पिता मथुरालाल कुमावत है। इनके विरुद्ध भारी मात्रा में गैस सिलेंडर का अवैध भंडारण, किसी प्रकार का गैस कनेक्शन व्यावसायिक सिलेंडर का नहीं होने पर प्रकरण आवश्यक वस्तु अधिनियम में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्देश दिये है कि अनाधिकृत रूप से गैस सिलेंडर का उपयोग करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जाये। अपील की गई है कि सभी होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज हॉल, कैटरिंग आदि प्रतिष्ठान विधिवत रूप से गैस सिलेंडरों का उपयोग करे। वे जन सुरक्षा की दृष्टि से अपने कैटरिंग प्रतिष्ठान संचालन के लिये विधिवत अधिकृत गैस एजेंसी से अपना व्यावसायिक सिलेंडर कनेक्शन लेवे। गैस बैंक,आदि के लिए एस वी प्राप्त करें। अनावश्यक रूप से किसी भी अवैध गोदाम में गैस सिलेंडर का भंडारण कर नहीं रखें। कैटरिंग के सिलेंडर के उपयोग उपरांत गैस सिलेंडर विधिवत गैस एजेंसी के गोदाम को या गैस एजेंसी संचालक को देना सुनिश्चित करें। किसी भी रिहायशी इलाके में अवैध रूप से कमर्शियल सिलेंडर का भंडारण नहीं किया जाये।

## चार पदक जीतकर लौटी इंदौर की बेटी भूमि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर की बेटी भूमि अग्रवाल ने साउथ अफ्रीका में आयोजित मॉडर्न पेंटाथलॉन वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए चार पदक अपने नाम किए। एक ही अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में चार पदक जीतने वाली वह मध्यप्रदेश की एकमात्र खिलाड़ी बन गई हैं। रविवार को इंदौर लौटने पर कॉलोनीवासियों ने हार-फूल, आतिशबाजी और जुलूस निकालकर उनका जोरदार स्वागत किया।**



भूमि ने पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेते हुए यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने व्यक्तिगत बायथल में स्वर्ण, ट्राइथल में रजत, जबकि बायथल मिक्स्ड रिले और ट्राइथल मिक्स्ड रिले में कांस्य पदक जीते। ये पदक इसलिए भी खास हैं क्योंकि पेंटाथलॉन अन्य खेलों की तुलना में अधिक कठिन और तकनीकी माना जाता है। बायथल इवेंट में पहले 800 मीटर दौड़, फिर 100 मीटर तैराकी और इसके बाद दोबारा 800 मीटर दौड़ पूरी करनी होती है। वहीं ट्रायथल में स्विमिंग, साइक्लिंग और रनिंग शामिल होती है। शिशुकुंज स्विमिंग एकेडमी की भूमि ने इंदौर में हुई नेशनल बायथल प्रतियोगिता में स्वर्ण और रजत पदक जीते थे, जिसके आधार पर उनका चयन अंतराष्ट्रीय स्पर्धा के लिए हुआ. भूमि ने बताया कि इस चैंपियनशिप में इससे पहले भारत को वर्ष 2013 में कांस्य पदक मिला था। इस बार भारत का पहला स्वर्ण पदक उन्होंने दिलाया और एक साथ चार पदक जीतकर इतिहास रचा। प्रतियोगिता में 29 देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिसमें भूमि ने अंडर-21 वर्ग में हिस्सा लिया।

## आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। इंदौर जिले में शराब के अवैध क्रय-विक्रय, अवैध भण्डारण और अवैध परिवहन की रोकथाम के लिये कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि कंट्रोलर श्री देवेश चतुर्वेदी,डिप्टी कंट्रोलर श्री मनोज अग्रवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री धर्मेंद्र जोशी व श्री जहांगीर खान के नेतृत्व में वृत्त- बंबई बाजार में वृत- उप निरीक्षक मीरा सिंह की टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरने गस्त शंका के आधार पर एक दोपहिया वाहन TVS IQUBE ELECTRIC क्रमांक-MP09DC7683 को रोककर उसकी डिक्की की तलाशी लेने पर उसमें 100 पाव देशी मदिरा प्लेन परिवहन कर ले जाई जा रही जप्त कर आरोपी सतीश पिता बाबूलाल सोनकर निवास जगन्नाथ धर्मशाला के पास,छावनी इंदौर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जब्त मदिरा और वाहन की कुल कीमत 10 हजार 7500 रुपए है।

### जनसमस्याओं के त्वरित समाधान की मिसाल बन रही है जनसुनवाई

# कलेक्टर शिवम वर्मा की उपस्थिति में परिणाममुखी जनसुनवाई के प्रति लोगों का बढ़ रहा विश्वास

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की विशेष उपस्थिति में प्रत्येक मंगलवार आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई अब जन आकांक्षाओं पर खरी उतर रही है। जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के कारण आमजन का शासन-प्रशासन पर विश्वास लगातार बढ़ रहा है। लोगों की समस्याएँ तेजी से सुलझ रही हैं और आवेदनकर्ताओं को तत्काल राहत मिल रही है। मंगलवार की जनसुनवाई में अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आए अनेक नागरिकों ने समाधान मिलने पर कलेक्टर श्री वर्मा को शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंटकर आभार व्यक्त किया। लोगों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और जिला प्रशासन की संवेदनशील कार्यप्रणाली की सराहना की।

**जनसुनवाई में प्राप्त 315 आवेदनों में से अधिकांश का मौके पर ही समाधान-** कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि मंगलवार की जनसुनवाई में 315 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से अधिकांश का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया। ऐसी समस्याएं जो मौके पर निराकृत नहीं हो पाई उनके निराकरण के लिये समय-सीमा तय की गई। समस्याओं के निराकरण की प्रति सप्ताह समीक्षा की व्यवस्था भी की गई। उन्होंने बताया कि आज अधिकांश मामले पारिवारिक, भूमि विवाद, आर्थिक सहायता, स्वास्थ्य सहायता सहित विभिन्न विषयों के आए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्पष्ट निर्देश है कि जनसुनवाई में प्राप्त हर आवेदन का समय पर और उचित निराकरण हो। जिला प्रशासन इसी दिशा में कटिबद्ध होकर कार्य कर रहा है।

**ग्राम गाजिन्दा की समस्याओं का समाधानः सरपंच और ग्रामीणों ने कलेक्टर का स्वागत कर जताया आभार-** जिले के ग्राम गाजिन्दा के ग्रामीणों और सरपंच ने आज जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आभार स्वरूप कलेक्टर को शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया। जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये कलेक्टर श्री वर्मा ने विगत माह में गांव पहुंचकर लगाई गई जिले की पहली रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएँ सुनी गई थीं।



उन्होंने त्वरित निराकरण के लिये आश्वस्त किया था। कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देश पर एक माह में ही लगभग सभी समस्याएं निराकृत हो गई। सरपंच श्रीमती ज्योति मीणा और ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कलेक्टर श्री वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि गांव में चौपाल में ग्रामीणों द्वारा की गई मांग पर श्मशान घाट का निर्माण हो गया है। गांव में रोड़ बन गई है। स्कूल की बॉउंड्रीवाल का निर्माण हो गया है। गांव में अवैध शराब की बिक्री पूरी तरह बंद हो गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 395 हितग्राहियों के नाम जुड़ गए है।

**दिव्यांगों खिलाड़ियों और युवाओं के मुद्दों पर भी त्वरित सहायता-** जनसुनवाई में ब्लाइंड फुटबाल और गोल बाल टीम के सदस्य भी पहुंचे। कलेक्टर श्री वर्मा को उन्होंने अपनी उपलब्धियां साझा की। खिलाड़ियों ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की अनेक प्रतियोगिताओ में बेहतर प्रदर्शन किया है। कलेक्टर श्री वर्मा ने भविष्य में और अधिक बेहतर प्रदर्शन के लिये उन्हें अधिकतम सहायता देने की बात कही। कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रोत्साहन स्वरूप उन्हें विशेष बॉल के लिये 20 हजार रूपये, ट्रेक सूट और खेल के अन्य साधन-सुविधाओं के लिये 50 हजार रूपये स्वीकृत किये। खिलाड़ियों ने आश्वस्त किया कि यह सहायता उनके लिये मददगार होगी तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इसी तरह साउथ अफ्रीका में हुई पेंटाथलॉन खेल स्पर्धा में पदक जीतने वाली इंदौर की बेटी भूमि अग्रवाल भी कलेक्टर श्री वर्मा से जनसुनवाई में पदक सहित मिली। उसमें इंदौर जिले में जिला प्रशासन द्वारा खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिये किये जा रहे कार्यों की सराहना की। उसने कलेक्टर श्री वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी को हर संभव सहायता के लिये आश्वस्त किया।

**दिव्यांग युवक संदीप सुमराह को मिला संपत्ति का हक-** जनसुनवाई में एक दिव्यांग युवक संदीप सुमराह भी अपनी समस्याओं के निराकृत होने पर कलेक्टर श्री वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करने कलेक्ट्रेट पहुंचा। संदीप ने बताया कि उसने पिछली जनसुनवाई में अपनी पैतृक संपत्ति का हक दिलवाने के लिये आवेदन दिया था। एक सप्ताह के भीतर ही उसे अपनी पैतृक संपत्ति का हक मिल गया। आज जब वह धन्यवाद देने के लिये कलेक्टर श्री वर्मा से मिला तो उसने अपनी दूसरी समस्या भी बताई। इस दिव्यांग बालक ने बताया कि वह 18 वर्ष की उम्र तक युगपुरूष धाम संस्था में रह रहा था। उम्र पूरी होने पर दिव्यांग बालक अब एक किराये के मकान में अपने 5 साथियों सहित रह रहा है। इसका किराया युगपुरूष धाम की सुश्री अनिता शर्मा द्वारा वहन किया जा रहा है। रोजगार के लिये वह इंदौर में ही रहना चाहता है।

कलेक्टर श्री वर्मा ने तुरंत ही उसे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति के निर्देश दिये। पैतृक संपत्ति वापस दिलाने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास स्वीकृत कराने पर उसने प्रशासन के प्रति आभार जताया।

कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जनसुनवाई केवल समस्या सुनने का माध्यम ही नहीं, बल्कि समाधान देने की प्रक्रिया है। हमारा प्रयास है कि हर नागरिक की समस्या का तुरंत और उचित निराकरण हो तथा किसी को परेशान न होना पड़े।

## किसान ने जमीन के बदले रुपए लिए, बाद में रुपए और जमीन दोनों देने से मुकरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूड़िया थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के एक मामले में किसान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपी ने अपनी बेटी की शादी का हवाला देकर 20 लाख रुपए उधार लिए थे और बदले में जमीन देने का वादा किया था। बाद में खुलासा हुआ कि जिस जमीन का सौदा किया गया, वह आरोपी के नाम दर्ज ही नहीं थी।**

पुलिस के मुताबिक, बिज्जू खेड़ी निवासी नीतू मदावाडिया की शिकायत पर पुलिस ने जितेंद्र पुत्र विक्रम सिंह, निवासी बिज्जू खेड़ी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत में बताया गया कि अप्रैल 2024 में जितेंद्र सिंह ने अपनी बेटी की शादी की बात कहकर नीतू से लिखापढ़ी करते हुए 20 लाख रुपए नकद लिए थे। इस दौरान उसकी पत्नी अनिता भी मौजूद थी। दोनों ने वादा किया था कि यदि समय पर रकम नहीं लौटा पाए तो अपनी जमीन नीतू के नाम कर देंगे। पीड़िता ने 3 से 4 किस्तों में कुल 20 लाख रुपए दिए, जिसके बदले में आधी जमीन का एग्रीमेंट उसे दिया गया। बाद में जानकारी सामने आई कि उक्त जमीन जितेंद्र सिंह के नाम पर दर्ज ही नहीं है, बल्कि उसके पिता विक्रम सिंह के नाम पर है। जब इस बारे में नीतू ने जितेंद्र से बात की तो उसने कहा कि तीन महीने बाद उसके पिता जमीन उसके नाम कर देंगे और यदि वह तय समय में रुपए नहीं लौटा पाया तो जमीन का पूरा अधिकार नीतू को दे देगा। इसके लिए उसने चार महीने का समय मांगा। हालांकि छह महीने बीत जाने के बाद भी न तो रकम लौटाई गई और न ही जमीन ट्रांसफर की गई। रुपए मांगने पर जब पीड़िता आरोपी के घर पहुंची तो जितेंद्र के पिता विक्रम सिंह ने उस पर हमला करने की कोशिश की। इसी दौरान जितेंद्र का भाई जालिम सिंह भी वहां पहुंच गया और जान से मारने की धमकी देने लगा। बाद में जितेंद्र ने पीड़िता को अपने घर न आने की चेतावनी दी और साफ कहा कि वह न तो रुपए लौटाएगा और न ही जमीन उसके नाम करेगा। इसके बाद पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की, जिस पर लसूड़िया थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मंत्री के बयान से महिला कांग्रेस नाराज : पोस्टर फूंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** रतलाम जिले के प्रभारी एवं जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के बयान को लेकर इंदौर शहर महिला कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए प्रदर्शन किया और शाह का पोस्टर फूंका। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंत्री शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने और उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। शाह ने रतलाम में एक बैठक में लाड़ली बहनों को लेकर अपमानजनक बयान दिया था। शाह ने कहा था कि 'सरकार 1500 रुपए के हिसाब से करोड़ों रुपए दे रही है। तो दो साल में एक बार धन्यवाद तो बनता है। भोजन हम करा देंगे। जो नहीं आएंगी, फिर देखते हैं। जिनके ढाई-ढाई सौ रुपए बढ़ रहे हैं, उनकी जांच करेंगे। किसी का आधार लिंक नहीं है तो जांच थोड़ी पेंडिंग कर देंगे। मतलब वो पेंडिंग हो ही जाएंगी।' दरअसल, मंत्री मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारी कर रहे थे। जिसमें लाड़ली बहनों को बुलाने की योजना है।



### ड्राइवर ने ब्रेक के बदले दबाया एक्सीलेटर

## तेज रफ्तार कार चाय की गुमटी में घुसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रावजी बाजार इलाके में सोमवार रात करीब 2 बजे तेज रफ्तार कार क्रमांक MP09-BF-2917 ने पहले एक पैसेंजर ऑटो को टक्कर मारी और फिर चाय की गुमटी में जा घुसी। हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। पुलिस ने यातायात की क्रेन बुलाकर कार निकलवाया और थाने पहुंचाया। पुलिस को आशंका है कि ब्रेक के स्थान पर एक्सीलेटर दबने से हादसा हुआ है।**



घटना सोनकर धर्मशाला के पास घटी।

अनुमान लगाया जा रहा है कि कार जूनी इंदौर की ओर से आई और साइड में खड़े ऑटो में टक्कर मार दी। जिससे ऑटो पलट गया। इसके बाद कार गुमटी में घुस गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर बीट के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और कार को उठवाकर थाने पहुंचाया। कार के नंबर के आधार पर पुलिस कार मालिक और चालक की जानकारी जुटा रही है।

# वृद्ध आश्रम के 24 बुजुर्गों को कराई शिकारा की सैर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** अपना घर वृद्ध आश्रम से जुड़े 24 दादा-दादी ने मंगलवार को भोपाल के बोट क्लब में शिकारा बोट की सैर कर यादगार पल बिताए। महापौर मालती राय भी इस अवसर पर बुजुर्गों के साथ मौजूद रहीं और उन्होंने बड़े तालाब की शांत लहरों के बीच शिकारा में सवार होकर दादा-दादी के साथ समय साझा किया। सुबह से ही माहौल उत्साह से भरा रहा। शिकारा बोट पर सवार होते ही बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान और आंखों में उत्सुकता साफ दिखाई दी। अपना घर की संचालक माधुरी मिश्रा ने बताया कि बड़े तालाब के बीच बहती ठंडी हवा और चारों ओर फैली हरियाली ने ऐसा एहसास कराया मानो कश्मीर की वादियां भोपाल में उतर आई हों। इस दौरान दादा-दादी ने तालाब की खूबसूरती का आनंद लिया, एक-दूसरे से बातचीत की और यादगार तस्वीरें भी खिंचवाईं। कई बुजुर्गों ने इसे अपने जीवन का खास अनुभव बताया।

# अवैध विस्फोटक की बड़ी खेप पकड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी।** रीवा जिले के डभौरा में पुलिस ने अवैध विस्फोटक की बड़ी खेप पकड़ी है। सोमवार रात पुलिस ने उत्तर प्रदेश से ट्रेन के जरिए विस्फोटक ला रहे एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 400 डेटोनेटर और केबल समेत अन्य सामग्री बरामद की गई है। दोनों आरोपी आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान को इस तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद डभौरा थाना प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल ने जाल बिछाया। आरोपी जैसे ही जनता एक्सप्रेस से डभौरा रेलवे स्टेशन उतरे और बाजार क्षेत्र में पहुंचे, पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें रोक लिया। तलाशी लेने पर उनके पास मौजूद दो थैलों में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिली।

# तीन घरों में आग, किसान जिंदा जल गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा, एजेंसी।** में मंगलवार सुबह तीन घरों में आग लग गई। एक किसान जिंदा जल गया। आग लगने के दौरान वह घर में अकेला था। 6 फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद तीन घंटे में आग पर काबू पाया। घटना ग्राम सक्तापुर में सुबह करीब 7 बजे की है। पुलिस के मुताबिक, गांव में सभी सो रहे थे। आग और धुआं देखकर दो घरों के लोग जाग गए और जान बचाकर बाहर निकल आए। लेकिन तीसरे घर में 50 वर्षीय सूरज राठौर अकेले थे। आग इतनी तेजी से फैली कि सूरज बाहर नहीं निकल पाए और उनकी जिंदा जलकर मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# पिकअप पलटी, चार लोगों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली, एजेंसी।** जिले के चितरंगी तहसील क्षेत्र में झरकटा पहाड़ सड़क मार्ग पर सोमवार रात एक बजे बड़ा सड़क हादसा हो गया। उत्तर प्रदेश से श्रमिकों को उनके घर छोड़ने आ रही एक पिकअप वाहन पहाड़ी मोड़ पर बेकाबू होकर पलट गया। इस हादसे में चार मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मरने वाले तीन लोग बगडेवा गांव के थे, जबकि एक सीमावर्ती सोनभद्र जिले के जुगैल क्षेत्र का रहने वाला था। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में हादसे की वजह कोहरे को माना जा रहा है। मृतकों की पहचान शीलू (32), अमरपाल बैगा (36), लाल कुमार (35) और सूरज लाल बैगा (31) के रूप में हुई है। घायलों में संतोष कुमार, अमरेश कुमार पटेल और नन्हकू केवट की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक

# भोपाल एवं इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के संचालन और रखरखाव के लिए 90 करोड़ 67 लाख रुपए की स्वीकृति

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में वंदे मातरम गान के साथ शुरू हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा अनूपपुर, मंडला और डिंडोरी जिलों में अपर नर्मदा परियोजना, राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना और बसानिया बहुउद्देशीय परियोजना के डूब प्रभावितों के लिए 1,782 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज स्वीकृत किया गया। परियोजनाओं के डूब प्रभावितों के लिए डीपीआर में प्रावधानित 1656 करोड़ 2 लाख रुपये के अतिरिक्त 1,782 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज स्वीकृत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि अपर नर्मदा परियोजना, राघवपुर बहुउद्देशीय परियोजना और बसानिया बहुउद्देशीय परियोजना 5,512 करोड़ 11 लाख रूपये की है। इससे 71 हजार 967 हेक्टेयर की सिंचाई सुविधा और 125 मेगावाट विद्युत उत्पादन प्रावधानित है। इन तीनों परियोजनाओं से कुल 13 हजार 873 परिवार प्रभावित होंगे, जिन्हें विशेष पैकेज अनुसार निर्धारित मुआवजा प्रति परिवार 12.50 लाख रूपये दिया जायेगा। इसके अलावा 50 हजार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों को अतिरिक्त राशि मुआवजा के रूप में देय होगा।

**मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को वर्ष 2030-31 तक निरंतर रखने की स्वीकृति-** मंत्रि-परिषद द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक निरंतर रखे जाने और योजना के तहत 905 करोड़ 25 लाख रुपये के व्यय की स्वीकृति प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि योजना के तहत प्रदेश के 18-45 वर्ष के स्थानीय युवाओं को स्वरोजगार के लिए 50 हज़ार से 50 लाख रूपये तक का ऋण बैंक द्वारा स्वीकृत किया जाता है। शासन द्वारा 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष ब्याज अनुदान और 07 वर्ष तक ऋण गारंटी फीस अनुदान दिया जाता है।

**वन विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए राशि स्वीकृति-** मंत्रि-परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक राज्य में 6 वन विज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए 48 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति अनुसार प्रदेश में वन क्षेत्र के बाहर वानिकी विस्तार गतिविधियों को बढ़ाने, वन भूमि की उत्पादकता बढ़ाने, काष्ठ के विदोहन से अतिरिक्त आय के साधन के लिए जागरूकता बढ़ाने, वृक्ष खेती को बढ़ावा देने और कृषि वानिकी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वन विज्ञान केंद्र की स्थापना की जा रही है। अशासकीय संस्था द्वारा भी वन विज्ञान केंद्र की स्थापना, वन विभाग की अनुमति से की जा सकेगी।

**स्वीकृत अस्थायी पदों को स्थायी पदों में परिवर्तित करने के प्रावधान की स्वीकृति-** मंत्रि-परिषद ने राज्य शासन के विभिन्न विभागों में स्वीकृत स्थायी और अस्थायी पदों के विभेदीकरण को समाप्त करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। वर्तमान स्वीकृत अस्थायी पदों को स्थायी पदों में परिवर्तित करने के लिए सेवा भर्ती नियम में आवश्यक प्रावधान करने की स्वीकृति दी गई। कार्यभारित और आकस्मिक स्थापना के सभी पदों को सांख्येतर घोषित कर इन पदों पर नवीन नियुक्ति न करने की भी अनुमति दी गई।



**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना के कार्यों को अनुमति**

मंत्रि-परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसंरचना योजना में विभाग में 10 लाख या उससे अधिक लागत राशि के कार्य स्वीकृत किए जाने की अनुमति प्रदान की गई। स्वीकृति अनुसार 693 करोड़ 76 लाख रूपये की लागत के लगभग 3810 कार्य पूर्ण किए जा सकेंगे। मेट्रो रेल परियोजना के संचालन और रखरखाव के लिए राशि स्वीकृत मंत्रि-परिषद द्वारा भोपाल एवं इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के संचालन और रखरखाव के लिए वर्ष 2025-26 के लिए राजस्व मद में 90 करोड़ 67 लाख रुपये के बजट की स्वीकृति प्रदान की गई।

## अब नहीं होंगे दैवेभो-स्थायीकर्मी 7 कैटेगरी खत्म

मध्यप्रदेश सरकार ने कर्मचारियों की 7 कैटेगरी (दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन, कार्यभारित, स्थायीकर्मी सहित अन्य) समाप्त कर दी हैं। अब सिर्फ तीन कैटेगरी रहेंगी, इनमें नियमित, संविदा, आउटसोर्स कर्मचारी शामिल हैं। मंगलवार को मंत्रालय में आयोजित कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया है। सरकार ने साफ कर दिया है कि अब स्थायी और अस्थायी कैटेगरी नहीं रहेगी। क्योंकि इनकी सेवा शर्तें, वेतन और पेंशन समान हैं। कैबिनेट ने यह भी निर्णय लिया है कि वर्तमान में कार्यरत कार्यभारित कर्मचारी की सेवाकाल में मृत्यु होने पर उसके आश्रित को नियमित पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी। इस संवर्ग में अभी ऐसा प्रावधान नहीं था। जिन कैटेगरी को समाप्त करने का निर्णय लिया गया है, वे अपने सेवाकाल तक कार्य करते रहेंगे। उनके रिटायर होते ही वह पद स्वतः समाप्त हो जाएगा। यदि विभाग कर्मचारी की डिमांड करता है, तो उस पद के विरुद्ध नियमित पद का सृजन किया जाएगा और भर्ती की जाएगी। बता दें कि दिग्विजय सरकार ने साल 2001 में दैनिक वेतन भोगी के पद समाप्त किए थे।

# अनुपम खेर ने चुकाई 45 साल पुरानी उधारी

## राजा बुंदेला को मंच पर दिए 500 रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खजुराहो, एजेंसी।** खजुराहो का 11वां अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव मंगलवार से शुरू हो गया है। सात दिवसीय यह महोत्सव 22 दिसंबर तक खजुराहो के शिल्पग्राम में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष का महोत्सव सिने स्टार धर्मेंद्र और असरानी को समर्पित किया गया है।

महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर जाने-माने अभिनेता अनुपम खेर, अभिनेत्री दीपशिखा और देशभर से आए 10 जूरी सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी भी उपस्थित रहे। खजुराहो पहुंचने के बाद अनुपम खेर शिल्पग्राम पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के बारे में जानकारी दी। अनुपम खेर ने इस मौके पर महान



कलाकारों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एक चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इसके बाद फिल्म महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन किया गया।

अनुपम खेर ने मंच से एक रोचक किस्सा भी साझा किया। उन्होंने बताया कि 45 साल पहले उन्होंने राजा बुंदेला से 80 रुपए उधार लिए थे। मंच पर उन्होंने पहले 100 रुपए निकाले, फिर जेब से 500 रुपए निकालकर राजा बुंदेला को देते हुए कहा कि आज उन्होंने वह उधारी चुका दी। यह पल भावुक हो गया और राजा बुंदेला की आंखों से आंसू निकल आए। मंच से अनुपम खेर ने आयोजक राजा बुंदेला की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि राजा बुंदेला उनके बचपन के दोस्त हैं और खजुराहो के लिए उन्होंने बहुत काम किया है। अनुपम खेर ने कहा, "आने वाले 500 सालों में लोग कहेंगे कि खजुराहो में राजा बुंदेला नाम के एक व्यक्ति थे, जिन्होंने यहां के लिए बहुत कुछ किया।" फिल्म महोत्सव के आयोजक राजा बुंदेला ने बताया कि पहले दिन मंच से अनुपम खेर की नई फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' का विशेष प्रदर्शन किया गया। अनुपम खेर स्वयं मंच पर मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि खजुराहो फिल्म महोत्सव के 11 साल के इतिहास में यह पहली बार है जब कोई फिल्म सीधे मंच से दिखाई गई। शेष दिनों में फिल्में 7 टपरा टॉकीज में प्रदर्शित की जाएंगी।

# मंदिर से लौट रही लड़की के सीने में गोली मारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया, एजेंसी।** दतिया में मंगलवार शाम करीब 5 बजे 25 वर्षीय शादीशुदा युवक ने बीच सड़क पर रास्ता रोक कर एक लड़की को गोली मार दी। इसके बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वहीं लड़की को दतिया के जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर किया गया है। दतिया जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पदस्थ डॉक्टर कल्पित अग्रवाल ने बताया कि लड़की के सीने को चीरते हुए गोली निकल गई। वहीं लड़की ने बताया कि वह शाहपुर हनुमान मंदिर से सहेलियों के साथ दर्शन कर लौट रही थी, तभी आरोपी मानवेंद्र ने बिना कुछ बात किए उसे गोली मार दी और फिर खुद को गोली मार ली। गोंदन थाना प्रभारी प्रदीप शर्मा के अनुसार, कमलापुरी गांव की रहने वाली लड़की हर मंगलवार शाहपुर हनुमान मंदिर में दर्शन करने जाती थी। आज शाम को जब वह वहां से लौट रही थी, तभी गोंदन निवासी मानवेंद्र यादव ने उसका रास्ता रोक लिया और कट्टा निकाल कर फायर कर दिया। गोली की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस घायलों को लेकर अस्पताल पहुंची। जहां मानवेंद्र को मृत घोषित कर दिया गया। टीआई के मुताबिक, मानवेंद्र एक बच्चे का पिता था। शुरुआती जांच में मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है। युवक ने अपनी गर्दन में गोली मारी थी।

## संपादकीय

# आतंकवाद पर अमेरिका का दोहरा चरित्र

अमेरिका ने आतंकवाद के मुद्दे पर अपना दोगलापन नहीं छोड़ा है। क्वाड (Quad) समूह पर अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से एक दस्तावेज जारी किया गया है, जिससे साफ हो गया है कि आतंकवाद के मुद्दे पर अमेरिका दोहरा रवैया अपना रहा है। क्वाड देशों में अमेरिका और भारत के अलावा जापान और ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं। इस साल भारत ने पहलगाम जैसा भयावह आतंकवादी हमला झेला है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ने भी बोंडी बीच पर भयानक दहशतगर्दी झेली है। लेकिन, इन मसलों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सरकार की कथनी और करनी में बहुत बड़ा अंतर उजागर हो गया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने अब क्वाड को लेकर जो दस्तावेज जारी किया है, उसमें इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की चुनौतियों से मिलकर निपटने की बात की गई है। इसमें कहा गया है कि समुद्री सुरक्षा,आर्थिक समृद्धि और सुरक्षा, महत्वपूर्ण और उभरती तकनीक और मानवीय सहायता के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना, स्वतंत्र एवं खुले इंडो-पैसिफिक के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। लेकिन, इसमें बहुत ही बेशर्मी के साथ आतंकवाद के खिलाफ सहयोग पर बात करने से कन्नी काट ली गई है, जो कि भारत की ओर से सबसे बड़ी प्राथमिकता रही है और अमेरिका भी इसे दोहराता रहा है। 4 और 5 दिसंबर,2025 को ही नई दिल्ली में क्वाड काउंटर टेररिज्म वर्किंग ग्रुप (CTWG) की तीसरी बैठक हुई। इस बैठक में अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक के बाद सदस्य देशों की ओर से एक संयुक्त बयान जारी किया गया, जिसमें सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद की स्पष्ट तौर पर निंदा की गई, जिसमें सीमा-पार आतंकवाद भी शामिल है। सदस्यों ने इसमें 10 नवंबर, 2025 को लाल किले के पास हुई खौफनाक आतंकी हमले पर श्रद्धांजलि भी जाहिर की। सदस्यों ने इस निंदनीय घटना के लिए जिम्मेदार आतंकियों, उनके आकाओं और उन्हें फंड मुहैया करवाने वालों को न्याय के कटघरे में लाने की मांग की और संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से इसमें सहयोग करने का आग्रह किया। क्वाड के सदस्य देशों ने इस दौरान इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में मंडराने वाले आतंकवाद के खतरे पर भी चर्चा की। इससे मुकाबले के लिए उन्होंने विकल्पों पर भी बात की। सबने माना कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र आतंकवाद मुक्त होना चाहिए और आतंकवाद से लड़ने के लिए मिलकर काम करने का वादा किया गया। इस मुद्दे पर 2026 में फिर से मिलने के साथ ही यह बैठक खत्म हुई। 22 अप्रैल, 2025 को इस साल पाकिस्तान से आए लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकियों ने जम्मू और कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में जिस तरह से 25 टूरिस्टों और एक स्थानीय को धर्म पूछकर कत्लेआम किया, उससे पूरी दुनिया हिल गई। करीब ढाई महीने बाद ही जुलाई में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात हुई। इस बैठक में अमेरिका समेत सभी सदस्य देशों ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता न सिर्फ दोहराई, बल्कि पहलगाम के दहशतगर्दों को न्याय के कटघरे में लाने की पुरजोर मांग की। इस बैठक के संयुक्त बयान में भी आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए लगभग उन्हीं शब्दों का इस्तेमाल किया गया, जो क्वाड काउंटर टेररिज्म वर्किंग ग्रुप के साझा बयान में किया गया है, लेकिन अमेरिका की हरकत देखें तो उसकी झूठ का पर्दाफाश हो गया है।

## ज्ञान-विज्ञान

# नंदा देवी पर मौजूद हिरोशिमा परमाणु बम का एक तिहाई न्यूक्लियर मैटेरियल... क्या गंगा को खतरा है?



हिमालय की ऊंची चोटी नंदा देवी पर 1965 में एक गुप्त मिशन चल रहा था. अमेरिकी खुफिया एजेंसी CIA ने अमेरिकी और भारतीय पर्वतारोहियों की टीम भेजी थी. उनका मकसद चीन पर जासूसी करना था. चीन ने 1964 में अपना पहला परमाणु बम टेस्ट किया था, जिससे अमेरिका चिंतित था. टीम ने चोटी पर एक खास उपकरण लगाना था – SNAP-19C नाम का पोर्टेबल न्यूक्लियर जनरेटर. ये प्लूटोनियम से चलता था और एंटीना को बिजली देता था. इससे चीन के मिसाइल टेस्ट के सिग्नल पकड़े जाते. ये डिवाइस करीब 50 पाउंड का था. इसमें प्लूटोनियम-238 और 239 था – नागासाकी बम में इस्तेमाल हुए प्लूटोनियम का एक तिहाई हिस्सा.

### मिशन कैसे शुरू हुआ?

मिशन की शुरुआत एक कॉकटेल पार्टी से हुई. अमेरिकी एयरफोर्स चीफ जनरल कर्टिस लेमे ने नेशनल ज्योग्राफिक के फोटोग्राफर बैरी बिशप से बात की. बिशप एवरेस्ट फतह कर चुके थे. सीआईए ने उन्हें टीम लीडर बनाया. उन्होंने अमेरिकी क्लाइंबर्स जैसे जिम मैकार्थी को चुना. भारतीय टीम की कमान कैप्टन एमएस कोहली के पास थी, जो एवरेस्ट फतह करने वाली भारतीय टीम के लीडर थे.

मिशन को छिपाने के लिए वैज्ञानिक रिसर्च का बहाना बनाया गया. लेकिन अक्टूबर 1965 में चोटी के करीब पहुंचते ही मौसम खराब हो गया. बर्फीला तूफान आया. कैप्टन कोहली ने बेस कैंप से रेडियो पर आदेश दिया कि उपकरण छोड़कर सभी नीचे आ जाएं, जान बचाने के लिए. डिवाइस को बर्फ की एक गुफा में बांधकर छोड़ दिया गया.

### डिवाइस गायब हो गया

1966 में वापस लौटने पर वो जगह ही गायब थी. हिमस्खलन से सब बह गया. कई सर्च मिशन हुए, लेकिन डिवाइस नहीं मिला. कैप्टन कोहली कहते थे कि अगर खतरे का पता होता तो कभी नहीं छोड़ते. जिम मैकार्थी, आखिरी जीवित अमेरिकी क्लाइंबर, कहते हैं कि वो पहले ही चेतावनी दे चुके थे.

### खतरा क्या है?

नंदा देवी के ग्लेशियर गंगा नदी को पानी देते हैं. लाखों लोग गंगा पर निर्भर हैं. प्लूटोनियम बहुत जहरीला है – कैंसर, हड्डी और फेफड़ों की बीमारियां पैदा कर सकता है. वैज्ञानिक कहते हैं कि पानी इतना ज्यादा है कि प्रदूषण फैलने की संभावना कम है, लेकिन अगर डिवाइस टूटा तो लोकल लोगों को खतरा. सबसे बड़ा डर 'डर्टी बम' का – आतंकवादी इस्तेमाल कर सकते हैं.

### राज खुला और कवर-अप

1978 में एक अमेरिकी पत्रकार ने स्टोरी ब्रेक की. भारत में हंगामा मचा. प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने जांच कमिटी बनाई, लेकिन अमेरिका से कहा कि बात छिपाएं. अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने देसाई को धन्यवाद दिया कि मामला शांत किया. दोनों ने मिलकर बात दबाई.

### आज भी चिंता

जलवायु परिवर्तन से ग्लेशियर पिघल रहे हैं. 2021 में एक बड़ा हिमस्खलन आया, जिसमें 200 लोग मारे गए. कुछ लोग डिवाइस को जिम्मेदार ठहराते हैं. भारतीय सांसद और लोकल लोग जवाब मांग रहे हैं. कैप्टन कोहली (जो हाल में गुजर गए) कहते थे कि ये उनकी जिंदगी का दुखद अध्याय है. सीआईए आज भी चुप है. ये कोल्ड वॉर का एक अदृश्य खतरा है, जो हिमालय की बर्फ में छिपा है. अगर डिवाइस मिला तो बड़ा खतरा, वरना अनिश्चितता बनी रहेगी.



New Delhi

# मौसम: देश के अधिकतर हिस्सों में शीतलहर, पहाड़ों पर बर्फ... मैदानों में कोहर, रात में गलन और NCR में गिरा पारा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश के अधिकतर हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। पहाड़ी राज्यों में शुष्क लेकिन तीखी ठंड और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का सिलसिला जारी है, जबकि मैदानी हिस्सों में घना कोहरा और प्रदूषण जनजीवन को प्रभावित कर रहा है। वहीं, दक्षिण भारत और समुद्री क्षेत्रों में चक्रवातीय प्रसार के चलते गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार उत्तर-पश्चिम भारत पर पश्चिमी विक्षोभ और उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम का असर बना हुआ है, जबकि दक्षिण में ऊपरी हवाओं की



गतिविधियां सक्रिय हैं। दिल्ली-एनसीआर में तापमान गिरने से 5 दिन तक कोहरे का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार इस समय उत्तर पाकिस्तान और आसपास के इलाकों में ऊंचाई पर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इसके साथ ही मध्य स्तरों में एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ ट्रफ (दबाव क्षेत्र) के रूप में मौजूद है। इन मौसमी प्रणालियों के कारण उत्तर-पश्चिम भारत में ठंडक बनी हुई है। उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम भी सक्रिय है, जिसकी हवा की गति 120 नॉट (करीब 223 किमी.) तक पहुंच रही है। यही जेट स्ट्रीम सर्दियों में पश्चिमी विक्षोभ को मजबूती देती है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 17 दिसंबर की रात से एक नया, हालांकि कमजोर, पश्चिमी विक्षोभ हिमालयी क्षेत्रों के मौसम में बदलाव ला सकता है।

Rajasthan

## दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे पर एक्सीडेंट के बाद पिकअप गाड़ी में लगी आग, 3 लोग जिंदा जलकर मरे

**अलवर, (एजेंसी)** राजस्थान के अलवर में दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे पर बुधवार तड़के हुए एक भीषण सड़क हादसे में 3 लोग जिंदा जलकर मर गए, जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को इलाज के लिए जयपुर रेफर किया गया है। मृतकों की अभी पहचान नहीं सकी है। हादसे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। हादसे के वक्त मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि हादसा बेहद दर्दनाक था।

जानकारी के अनुसार, बुधवार तड़के दिल्ली से जयपुर की ओर जा रही एक पिकअप गाड़ी दूसरे वाहन से जा टकराई। इसके बाद देखते ही देखते पिकअप में आग लग गई। गाड़ी में बैठे लोगों को निकालने का प्रयास किया गया लेकिन सब बेकार गया। पिकअप गाड़ी में सवार तीनों लोग जिंदा जल गए। भीषण सड़क हादसे में पिकअप ड्राइवर भी गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए जयपुर रेफर कर दिया गया है।

रैणी पुलिस ने तीनों शवों को रैणी अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया दिया है। मृतकों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। पिकअप गाड़ी दिल्ली से जयपुर जा रही थी। यह हादसा रैणी थाना क्षेत्र के दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे के चैनल नंबर 131 पर हुआ। दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे पर हुई जबर्दस्त टक्कर के बाद पिकअप गाड़ी धू-धू कर जलती रही। उसमें सवार तीनों लोगों अपनी जान बचाने का मौका तक नहीं मिला। टक्कर के बाद पिकअप गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गया था, जिसके कारण गाड़ी में सवार तीनों लोग बुरी तरह से फंस गए थे और बाहर नहीं निकल पाए। वहीं पुलिस मृतकों के बारे के जानकारी जुटा रही है कि वो कहां के रहने वाले थे ओर कहां जा रहे थे।

Chhattisgarh

## 84 लाख के इनामी 34 नक्सलियों का सरेंडर

**बीजापुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 34 नक्सलियों ने सरेंडर कर दिया है। इन पर 84 लाख रुपए का इनाम था। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में 7 महिलाएं और 27 पुरुष शामिल हैं। इनमें डिविजनल कमेटी मेंबर, केरलापाल एरिया कमेटी, PLGA, मिलिशिया के सदस्य और कमांडर शामिल हैं। जानकारी के अनुसार सरेंडर करने वाले 34 नक्सलियों में से 5 नक्सलियों पर 8-8 लाख का इनाम था। 3 नक्सलियों पर 5-5 लाख रुपए का इनाम था। वहीं 10 नक्सलियों पर 2-2 लाख रुपए और 7 नक्सलियों पर 1-1 लाख रुपए का इनाम था। नक्सलियों ने बीजापुर पुलिस अधीक्षक के सामने आत्मसमर्पण किया है।




Tamil Nadu

### धर्मपुरी में भीषण सड़क हादसा

## 4 की मौत, 3 गंभीर रूप से घायल

**चेन्नई, (एजेंसी)** तमिलनाडु के धर्मपुरी जिले में थोप्पुर घाट रोड पर मंगलवार को हुए भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना के कारण सलेम–धर्मपुरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर करीब दो घंटे तक यातायात ठप रहा।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब महाराष्ट्र से नमक्कल जिले की ओर मवेशियों का चारा ले जा रहा एक लॉरी घाट रोड के एक मोड़ पर अनियंत्रित हो गई। लॉरी चालक की पहचान नमक्कल जिले के नदुक्करापट्टी निवासी एस. मुनिअप्पन (43) के रूप में हुई है।

बताया गया कि थोप्पुर घाट से नीचे उतरते समय चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया, जिससे लॉरी आगे चल रहे या जाम में फंसे एक दोपहिया वाहन, एक पार्सल वैन, एक कार और एक अन्य वैन से जा टकराई। हादसे में लॉरी चालक मुनिअप्पन की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दोपहिया वाहन पर सवार धर्मपुरी जिले के नल्लमपल्ली के पास माधेमंगलम निवासी पी. अरुणगिरी और उनकी बहन वी. कलैयारसी की भी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक वैन में सवार चार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पुलिस और आपातकालीन सेवाओं की मदद से धर्मपुरी सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, घायलों में से एक पी. दिनेश (30), निवासी पेथनायकेनपालयम (अत्तूर के पास, सलेम जिला), ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। इसके साथ ही मृतकों की संख्या चार हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही धर्मपुरी जिला कलेक्टर आर. साधीश परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे।

खेल

### लखनऊ में अब तक नहीं हारा भारत

# सूर्या-गिल को बड़ी पारी का इंतजार, भारत Vs साउथ अफ्रीका चौथा टी-20 आज

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज का चौथा मुकाबला आज लखनऊ में खेला जाएगा। टीम इंडिया सीरीज में 2-1 से आगे है। भारत ने पहला मैच 101 रन से जीता था, इसके बाद साउथ अफ्रीका ने मुल्लांपुर में खेले गए दूसरे मैच में 51 रन से जीतकर वापसी की, लेकिन तीसरे मैच में धर्मशाला में भारत ने 7 विकेट से जीत हासिल करते हुए फिर बढ़त बना ली।

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में भारत का रिकॉर्ड शानदार रहा है। टीम इंडिया ने यहां अब तक खेले गए तीनों मुकाबले जीते हैं। इस मैदान पर भारत ने आखिरी टी-20 मुकाबला 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था, जिसमें टीम ने 6 विकेट से जीत दर्ज की थी।

हालांकि सीरीज के पहले तीन




मैचों में कप्तान सूर्यकुमार यादव और उपकप्तान शुभमन गिल का बल्ला खामोश रहा है। दोनों खिलाड़ी अब तक बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे हैं। धर्मशाला में भारत की जीत के दौरान गिल ने 28 रन बनाए थे, जो इस सीरीज में उनका बेस्ट स्कोर है, जबकि सूर्यकुमार यादव ने तीन मैचों में 12, 5 और 12 रन बनाए हैं। ऐसे में लखनऊ में दोनों से बड़ी पारी की उम्मीद होगी।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत आगे भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अब तक कुल 34 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले जा चुके हैं। इनमें से टीम इंडिया ने 20 मैचों में जीत दर्ज की है, जबकि साउथ अफ्रीका को 13 मुकाबलों में सफलता मिली है। दोनों टीमों के बीच एक मैच बेनतीजा रहा है।

अक्षर पटेल आखिरी 2 मैचों से बाहर अक्षर पटेल इस सीरीज के आखिरी दो मैचों से बाहर हो गए हैं। बीमारी के चलते वे तीसरा टी-20 मुकाबला भी नहीं खेल पाए थे। BCCI ने उनकी जगह लेफ्ट आर्म स्पिन ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को स्क्वॉड में शामिल किया है। तिलक वर्मा ने एक फिफ्टी लगाई इस सीरीज में भारत की ओर से तिलक वर्मा सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं। उन्होंने 3 मैचों में 114 रन बनाए हैं और स्ट्राइक रेट 114.00 का रहा है। इस दौरान तिलक ने एक अर्धशतक भी लगाया है। गेंदबाजी में वरुण चक्रवर्ती ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 3 मैचों में 6 विकेट झटके हैं। कप्तान मार्करम SA के टॉप स्कोरर अब तक हुए 23 टी-20 में साउथ अफ्रीका की ओर से कप्तान ऐडन मार्करम टॉप रन स्कोरर हैं। उनके नाम 104 रन हैं।

सिनेमा

## ऑस्कर 2026 के लिए शॉर्टलिस्ट हुई ईशान खट्टर की फिल्म 'होमबाउंड', गदगद हुए करण जौहर



98वें एकेडमी अवॉर्ड्स में फिल्म होमबाउंड छा गई है. करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन में बनी इस मूवी को बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटिगरी में शॉर्टलिस्ट किया गया है. फिल्म को मिली इस सक्सेस से करण जौहर प्राउड फील कर रहे हैं. वो इस लैंडमार्क मोमेंट को सेलिब्रेट कर रहे हैं. होमबाउंड को नीरज घेवान ने डायरेक्ट किया है. इसमें विशाल जेठला, ईशान खट्टर और जाह्नवी कपूर लीड रोल में दिखे. 16 दिसंबर को एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर्स आर्ट्स एंड साइंस ने होमबाउंड के शॉर्टलिस्ट होने की जानकारी दी. बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटिगरी में दुनियाभर से आई 86 फिल्मों में से 15 को शॉर्टलिस्ट किया गया, जिसमें से होमबाउंड भी एक है. इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटिगरी में शॉर्टलिस्ट हुईं ये फिल्में दुनिया भर के सिनेमा की झलक दिखाती है. होमबाउंड की इस कैटिगरी में अर्जेंटीना की बेलेन, ब्राजील की द सीक्रेट एजेंट, फ्रांस की इट वॉज जस्ट ऐन एक्सीडेंट, जर्मनी की साउंड ऑफ फॉलिंग, इराक की द प्रेसिडेंट केक, जॉर्डन की ऑल डेट्स लेफ्ट ऑफ यू, जापान की कोकुहो, साउथ कोरिया की नो अदर चॉइस, नॉर्वे की सेंटिमेंटल वैल्यू, स्पेन की सिराट, स्विटजरलैंड की लेट शिफ्ट समेत बाकी फिल्मों से टक्कर होगी।

## Highlights

1.
2. US Embassy shares surprise post praising PM Modi
3. Indian Army receives 3 more Apache attack helicopters from the US
4. MPs climb old Parliament roof protesting against VB-G RAM G Bill
5. CBI busts Noida cybercrime gang that cheated Americans of ₹77 cr
6. Spitting blood, breathing gas: Redditor slams Delhi-NCR's AQI

# INR USD | Rupee roars back on RBI support to rise the most in seven months



**NEW DELHI, (Agency).** The Indian rupee strengthened the most in seven months on Wednesday after the Reserve Bank of India aggressively sold dollars to support the currency. Stocks also gained.

The rupee rose as much as 1%, the most since 23 May 2025, to 90.0963, after closing at a record low in the previous session. The RBI is intervening through dollar sales in the local market, according to people familiar with the deals.

The move follows the rupee's string of record lows in recent weeks, which had sparked debate over why the central bank hasn't stepped in more forcefully to support the currency. Traders said the authority likely intervened after it bought $5 billion of dollars via a foreign-exchange swap on Tuesday.

"There was a sense that the market was taking the rupee's rapid depreciation lightly, and today the RBI has come back aggressively to dispel that view," said VRC Reddy, head of treasury at Karur Vysya Bank Ltd. He said the central bank sold dollars around the 91 level.

The central bank's action will cause an unwinding of speculative positions for now, said Anil Kumar Bhansali, head of treasury at Finrex Treasury Advisors.

Before today's jump, the rupee was down almost 2% this month as foreign outflows from local stocks and bonds due to delays in finalising an India-US trade deal dented sentiment.


Karur Vysya's Reddy said he doesn't expect the rupee to strengthen much beyond the 90 mark until the trade deal is concluded.

Global funds have pulled about $18 billion from local equities this year. The withdrawals have worsened the strain on the rupee while the 50% US tariffs threaten exporters' dollar inflows. At the same time, firm imports are keeping demand for the greenback elevated.

# Beyond 'data colonialism' — The role of Global South in an AI world

**NEW DELHI, (Agency).** The world has never been evenly arranged. Borders, ideas, capital, opportunities have never ever been equally distributed. The language of global development has always attempted to soften this reality with polite abstractions such as "developing countries" or "emerging economies", yet the deeper historical geography of inequality is best captured in one term: 'Global South'.

Global South captures an evolving community of




countries across Asia, Africa, Latin America, the Middle East, and the Pacific that share a common experience of historical marginalisation under colonial rule, exclusion from the centres of power and uneven participation in the global economy. The discussion becomes especially significant in the age of Artificial Intelligence (AI) — a domain that threatens to reproduce, and potentially worsen, the very asymmetries that the Global South has long struggled with and faced barriers.

Data asymmetry is the first barrier. AI systems are trained on enormous datasets, but much of this training data originates from global digital platforms dominated by northern companies.

### नकली नोट छापने वाला गिरोह पकड़ाया

# क्राइम ब्रांच की कार्रवाई में 45 फेक नोट बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इस खबर की हेडलाइन बनाए**

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने सोशल मीडिया के जरिए नकली नोटों का सौदा करने वाले गिरोह के एक और फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 45 नकली नोट, एक प्रिंटर और नोट छापने में उपयोग होने वाला केमिकल बरामद किया गया है।**



एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया के नेतृत्व में टीम ने नकली नोट कांड में फरार चल रहे आरोपी अंकित बोरासी निवासी बाणगंगा को पकड़ा है। इससे पहले क्राइम ब्रांच ऋषिकेश टोंडे, वंश केथवास, रितेश नागर और अंकुश यादव को गिरफ्तार कर चुकी है। पूछताछ के दौरान इन्हीं आरोपियों ने अंकित बोरासी की भूमिका का खुलासा किया था। क्राइम ब्रांच के मुताबिक अंकित के पास से एक प्रिंटर और 45 नकली नोट बरामद हुए हैं। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी एक आपराधिक मामला दर्ज हुआ है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपियों ने इंस्टाग्राम के माध्यम से गुजरात के एक युवक से संपर्क बढ़ाया था। बातचीत के दौरान 50 हजार रुपए के नकली नोट देने के बदले 20 हजार रुपए लेने की डील तय हुई थी। गुजरात के युवक ने आरोपियों को नकली नोट छापने का तरीका और उसमें इस्तेमाल होने वाले केमिकल की जानकारी भी दी थी। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने करीब 2 लाख रुपए के नकली नोट मंगवाए थे, जिनकी डिलीवरी झाबुआ के पास दी गई थी। इसके बाद आरोपी अपने अन्य साथियों से संपर्क कर इन नोटों को बाजार में खपाने की योजना बना रहे थे। इसी दौरान क्राइम ब्रांच को इसकी भनक लग गई और कार्रवाई करते हुए पूरे गिरोह को पकड़ लिया गया। नकली नोट गुजरात के युवक के माध्यम से इंदौर आए थे। क्राइम ब्रांच पकड़े गए आरोपियों से लगातार पूछताछ कर रही है और उनकी निशानदेही पर अन्य आरोपियों को तलाश रही है। पुलिस गुजरात के युवक तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है। उसके पकड़ाने पर पूरा मामला खुलने की उम्मीद है।

# सुपारी देकर हमला कराने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजयनगर में बदमाशों ने एक दुकान संचालक पर सुपारी लेकर हमला कर दिया। वह नाश्ते की दुकान बंद करके अपने घर जा रहा था। इस दौरान आरोपियों ने उस पर हमला किया। पुलिस ने 3 बदमाशों के खिलाफ एफआईआर की है। उनकी पहचान नहीं हुई है। बदमाशों ने जिस युवक का नाम लिया उसके बारे में पूछताछ की जा रही है।**

विजयनगर पुलिस ने पीयूष पुत्र गोविंद तिवारी निवासी श्रीराम नगर की शिकायत पर तीन अज्ञात बदमाशों पर हमले को लेकर एफआईआर की है। पीयूष ने बताया कि वह नाता दुकान का संचालन करता है। रात में अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था। मंगलम ऑटो पार्टस भूसामंडी के यहां पर बदमाश पीछे से आए। उसे रोका ओर पकड़कर कहा कि उसे शिवेश ने भेजा है। इसके बाद आरोपियों ने मारपीट की। वहीं एक लड़के ने चाकू से दो से तीन वार किए। मदद मांगने के दौरान कुछ लोग वहां रुके। इस दौरान बदमाश मौके से भाग गए। पीयूष ने बताया कि उन्होंने जिस लड़के का नाम लिया वह उसके गांव का रहने वाला है। 2 से 3 दिन पहले उसका शिवेश से विवाद हुआ था। आरोपी ने उसे देख लेने की धमकी भी थी। पीयूष के मुताबिक वह सतना का रहने वाला है। पुलिस पूरे मामले की जानकारी निकालने में जुटी है।

## ब्राउन शुगर के साथ पकड़ाया आरोपी

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच ने ब्राउन शुगर के साथ एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी का नाम राकेश पटेल निवासी राजनगर है। वह पूर्व में पकड़ाए आरोपी नितेश मेहरा का साथी है। उससे पूछताछ में ही राकेश के बारे में जानकारी मिली थी कि वह ब्राउन शुगर का काम करता है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक